
pfrda
अपनी कंपनी को सिर्फ आगे न बढ़ाएं, एक मिसाल बनाएं
वित्तीय सुरक्षा के साथ, अपनी टीम को सशक्त बनाएं
nps
#Zaruri Hai
सुविधाएं
• नियोक्ता के योगदान पर 14% तक टैक्स में छूट (नए कर प्रावधान के तहत)
• आकर्षक रिटर्न
• नौकरी बदलने पर भी साथ निभाए
अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
@PFRDAOfficial @PFRDAOfficial @PFRDAOfficial @PFRDAOfficial /company/pfrda/
अधिक जानकारी के लिए नजदीकी बैंक / पोस्ट ऑफिस / प्वाइंट ऑफ प्रेज़ेंस (PoP) से सम्पर्क करें या SMS करें NPS 56677 पर या कॉल करें: 1800 110 708 वेबसाइट: www.pfrda.org.in


भारत की अपनी
सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी)
Cash, but Digital !
नकद की तरह ही आसानी से लेनदेन करें
सीबीडीसी: भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी डिजिटल रुपया
✔ आपके डिजिटल वॉलेट में सुरक्षित रहता है
✔ छुट्टे पैसे खोजने की आवश्यकता नहीं
✔ UPI QR के साथ-साथ सभी QR कोड पर काम करता है
✔ सुरक्षित लेनदेन का माध्यम
डिजिटल रुपये से जुड़े अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न के लिए स्कैन करें
Google Play या App Store पर जाकर अपना डिजिटल रुपया ऐप डाउनलोड करें
₹140.73 का भुगतान करना है
दिया चितले, भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी
डिजिटल रुपया ऐप डाउनलोड करें
आरबीआई कहता है...
Cash, but Digital!
हरमिलन बैंस, भारतीय ट्रैक एथलीट
अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/cbdc पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935 / 99309 91935
जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in
सहभागी बैंक: एक्सिस बैंक • बैंक ऑफ बड़ौदा • बैंक ऑफ इंडिया • बैंक ऑफ महाराष्ट्र • केनरा बैंक • फेडरल बैंक • एचडीएफसी बैंक • आईसीआईसीआई बैंक • आईडीबीआई बैंक • आईडीएफसी फर्स्ट बैंक • इंडियन बैंक • इंडसइंड बैंक • कर्नाटक बैंक • कोटक महिंद्रा बैंक • पंजाब नैशनल बैंक • भारतीय स्टेट बैंक • यूको बैंक • यूनियन बैंक ऑफ इंडिया • येस बैंक
सहभागी गैर-बैंक: क्रेड • मोबिक्विक


MARUTI SUZUKI
NEXA
e VITARA
India goes electric
Introductory BaaS price
₹10.99 LAKH* + Battery EMI @ ₹3.99/km
VITARA
INDIA'S LARGEST* FAST-CHARGING NETWORK
543km RANGE
543 km RANGE*
BHARAT NCAP
5 STAR SAFETY RATING BNCAP*
NEXA edge
60% ASSURED BUYBACK AFTER 3 YEARS
COMPLIMENTARY HOME CHARGER & INSTALLATION WORTH ₹50 000
8 YEARS WARRANTY
COMPLIMENTARY CHARGING FOR 1 YEAR
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
*₹ 10.99 lakh for e VITARA Delta. Battery EMI: ₹ 3.99/km (subject to financier terms). Taxes and statutory charges are extra. Visit dealership for full T&Cs. | *As certified by Kantar IMRB for an OEM platform for end-to-end usage as on November 28, 2025. | *543 km range: Certified range; actual results may vary by driving conditions and usage. | *ADAS features are for driver assistance only. Driver is responsible for safe and attentive driving. | *Always wear your seatbelt. | *Mentioned ownership plan is for e VITARA Delta variant. Calculation is done assuming vehicle is running 60 km per day, excluding charging cost. Valid on retail sales for the e VITARA till 31st March '26, capped at 1 000 units of electricity (kWh) per customer or 1 Year from the purchase of the vehicle, whichever is earlier. Assured buyback plan is available on payment basis with the option of 3 years/45 000 km or 4 years/60 000 km ownership plans (whichever is earlier). The program is offered through an Insurance company. e VITARA comes with standard warranty of 3 years/1 00 000 km with an option of extending the same on payment basis to 5 years/1 40 000 km and service activated coverage for 6th to 8th year for EV related components.

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-03-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTM7 User: cci Time: 03-29-2026 22:48 Color:



**मुस्कुराते चेहरे ज्यादातर लोगों को आते है पसंद**
एक सर्वे के मुताबिक करीब 70% लोग उन चेहरों को ज्यादा सुंदर मानते हैं जो मुस्कुराते हैं, बजाय उनके जिन्होंने भारी मेकअप किया हो।

दिखावा OUT... खुशियां IN


# राजस्थान में सादगी से शादी का राज!

Photos: Arvind Sharma



सामाजिक कार्यकर्ता परसराम बिश्नोई के बेटे जयदीप बिश्नोई ने जोधपुर में एक सादे समारोह में हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री की पोती से शादी की

ShoebKhan
@timesofindia.com



संविधान और आंबेडकर की तस्वीर के सामने की ममता मेघवंशी और कृष्ण कुमार ने सादगी भरी शादी

■ जोधपुर: राजस्थान में शादियों को हमेशा से हैसियत और दिखावे का प्रतीक माना जाता रहा है, लेकिन अब इस सोच में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव आ रहा है। लोग महंगी और भव्य शादियों को नकार कर सादगी को अपना रहे हैं। इस बदलाव की एक बड़ी मिसाल पिछले साल दिसबर में जोधपुर में देखने को मिली। सामाजिक कार्यकर्ता परसराम बिश्नोई ने अपने बेटे की शादी हरियाणा के पूर्व मंत्री की पोती से की, लेकिन 51 लाख रुपये का 'टीका' लेने से साफ इनकार कर दिया। इस शादी में मेहमानों को कुल्हड़ में पानी और बेहद सादा खाना परोसा गया। इसका मकसद समाज को यह संदेश देना था कि शादियों में लाखों का खर्च परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ डालता है। दरअसल, दिखावे की होड़ में मध्यम और गरीब वर्ग के लोग भी कर्ज लेकर या जमीन बेचकर शादियों में पैसा बहाने लगे थे। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, जीवन भर की बचत शादी के एक हफ्ते में खत्म हो जाती थी। इस बर्बादी को रोकने के लिए अब बाड़मेर, बीकानेर




और जोधपुर सहित कई जिलों में बिश्नोई, जैन, जांगिड़, जाट और कुम्हार समाजों ने कड़े कदम उठाए हैं। डीजे, शराब, महंगे गिफ्ट्स और फिजूल सजावट पर रोक लगाई जा रही है, जिससे शादियों का खर्च 40 से 60 प्रतिशत तक कम हो गया है। बांसवाड़ा में पटेल समाज ने तो प्री-वेडिंग शूट पर रोक लगाकर नियम तोड़ने वालों पर जुर्माने का प्रावधान तक कर दिया है। युवाओं की पसंद भी बदल रही है, वे महंगे कपड़ों के बजाय हल्के कपड़ों और छोटी गेस्ट लिस्ट को तरजीह दे रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यद्यपि इसे अभी पूरी तरह से 'ट्रेंड' कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन यह साफ है कि राजस्थान में लोगों की सोच बदल रही है और वे दिखावे को छोड़कर सादगी की राह पर चल पड़े हैं।

## सादगी की यह लहर हर धर्म-वर्ग में

सादगी की यह लहर हर धर्म और वर्ग में दिख रही है। कारोबारी मोहम्मद सलीम सिद्दीकी ने अपनी बेटी का निकाह बिना किसी भव्य ठाठ के मस्जिद में बेहद सादगी से किया। वहीं, दलित समाज में 'अंबेडकराइट' शादियों का चलन बढ़ रहा है, जहां महापुरुषों की तस्वीरों के सामने बिना किसी आडंबर के विवाह संपन्न कराए जा रहे हैं। मार्च 2023 में भवर मेघवंशी ने बेटी की शादी इसी तरह की थी।

J&K की पहली पोस्टवुमन हर सुबह चिट्ठियां लेकर निकल पड़ती हैं पैदल


# बर्फ हो या बारिश, नहीं थमा सफर

■ बिलाल बहादुर, श्रीनगर

**दक्षिण कश्मीर** के शोपियां जिले में हर सुबह एक ऐसा नजारा दिखता है, जो पिछले तीस सालों से नहीं बदला है। यह कहानी है 55 साल की उल्फता बानो की, जो जम्मू-कश्मीर की पहली 'पोस्टवुमन' है। हर सुबह उल्फता डिस्ट्रिक्ट पोस्ट ऑफिस से करीब पच्चीस चिट्ठियां समेटती हैं और पैदल ही निकल पड़ती हैं। उनके पास न तो पोस्टल वैन है और न ही साइकिल। उनका सफर सिर्फ मजबूत कदमों के सहारे तय होता है।

*पुरुषों के दबदबे वाले पेशे में उल्फता पुरुष कलीग्स के बराबर काम करती हैं, कोई रियायत नहीं चाहतीं*

अपने पुश्तैनी गांव 'हीरापोरा' की पगडंडियों, पत्थर की दीवारों और खलिहानों को पार करते हुए वह चलती हैं। सर्दियों में घुटनों तक जमी बर्फ के बीच से गुजरते हुए वह तय करती हैं कि हर लिफाफा सही हाथों तक पहुंचे। तीस से ज्यादा सालों से उनका यह रूटीन नहीं बदला है। आज भी वह उसी जोश के साथ काम करती हैं, जैसे किसी नए इंसान ने जॉइन किया हो। हीरापोरा के लोगों के लिए वह बाहरी दुनिया से जुड़ने का इकलौता जरिया हैं।



30+ साल की नौकरी के बाद भी 55 साल की उल्फता बानो का नहीं बदला है रूटीन

## 55 साल की उम्र पर वही जोश, वही शिद्दत

पोस्टल डिपार्टमेंट अपनी इस कर्मचारी पर आंख बंद करके भरोसा करता है। चाहे तेज धूप हो, भारी बारिश या कंपा देने वाली बर्फबारी, एक हाथ में छाता और दूसरे में चिट्ठियां लिए उल्फता कभी रुकती नहीं हैं। पुरुषों के दबदबे वाले इस प्रोफेशन में उल्फता महीने के बाईस हजार रुपये कमाती हैं। वह पुरुष कलीग्स के बराबर ही काम करती हैं और किसी रियायत की मोहताज नहीं हैं। अब उनके रिटायरमेंट में मुश्किल से पांच साल बचे हैं। 55 की उम्र में शरीर पर थकान साफ महसूस होती है। उल्फता भावुक होकर मानती हैं कि कभी-कभी यह बहुत मुश्किल होता है, लेकिन उनका पैशन उन्हें रुकने नहीं देता।

# देवों का रथ, आस्था का पथ

PTI



चेन्नै के मइलापुर में आस्था का महाकुंभ: ऐतिहासिक कपालेश्वर मंदिर के वार्षिक 'कार फेस्टिवल' में रविवार को श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सजे-धजे रथ पर विराजे भगवान के दर्शन को हजारों श्रद्धालु सड़कों पर उतरे।






**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in